प्रेस नोट दिनांक- 22.11.2024

थाना चकिया जनपद चन्दौली

🔰 थाना चकिया पुलिस द्वारा 01टाटा योद्धा पिकअप बिना नंबर की से 08 राशि गोवंशीय पशुओ (07 जिन्दा व 01 मृत) को किया गया बरामद

पुलिस अधीक्षक चन्दौली, श्री आदित्य लांग्हे द्वारा अवैध शराब/गोतस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान मे दिये गये आदेश/निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन अनिल कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी चकिया राजीव सिसोदिया के कुशल निर्देशन में अतुल कुमार थानाध्यक्ष चकिया के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 22.11.2024 को थाना चकिया पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि 01 टाटा योद्धा पिकअप बिना नंबर प्लेट जिसमें गोवंशीय पशुओं को लादा गया है वध हेतु बिहार ले जाया जा रहा है।
उपरोक्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय द्वारा सिकन्दरपुर नहर पुलिया से 100 मीटर पहले ग्राम सिकन्दरपुर के पास पिकअप को रोकने का प्रयास किया गया किन्तु चालक अचानक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और पिकअप को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ले जाकर बिजली के खम्भे में मार दिया। पिकअप को वही छोड़कर पशुतस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये हैं।

उपरोक्त सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस द्वारा पहुंचकर देखा गया कि पिकअप खम्भें टकराकर खड़ी है। मौजूदा पुलिस टीम द्वारा पिकअप वाहन की तलाशी में कुल 08 राशि गोवंशीय पशुओ (07 जिन्दा व 01 मृत)बरामद किया गया। उपरोक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 214/2024 धारा– 3/5A/5B/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता नि0 अधि0 व धारा 281/324(4)/325 बीएनएस मे पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

बरामदगी का स्थान व समय -
दिनांक 22.11.2024 समय लगभग 04.45 बजे सिकन्दरपुर नहर पुलिया से 100 मीटर पहले ग्राम सिकन्दरपुर थाना चकिया जनपद चन्दौली ।

विवरण बरामदगी -
08 राशि गोवंश (07 जिन्दा व 01 मृत) व 01 टाटा योद्धा पिकअप बिना नंबर।

बरामदगी टीम का विवरणः -
थानाध्यक्ष अतुल कुमार प्रजापति थाना चकिया जनपद चन्दौली।
उ0नि0 गंगाधर मौर्य थाना चकिया जनपद चन्दौली ।
उ0नि0 प्रेमचन्द्र यादव थाना चकिया जनपद चन्दौली।
हे0का0 जयप्रकाश प्रजापति थाना चकिया जनपद चन्दौली ।